देता है जो उसके क्रय प्रबन्धक को कमीशन देने की पेशकश करते हैं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि यह निगम इस वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादन कर रही है ;

(ङ) क्या उक्त अनियमितताओं की वजह से निगम के बन्द होने की सम्भावना है ; और

(च) यदि हां, तो सरकार इस निगम को बन्द न होने देने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) क्रयादेशों के निष्पादन में यदा-कदा विलम्ब हो जाता है ।

(ग) से (ङ) जी नहीं ।

(च) सरकार ने उपलब्धियों हेतु कठोर लक्ष्य निर्धारित करते हुए निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है । हाल ही में, निगम के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की गई है और उन्हें अनावश्यक ऊपरी खर्चों में कटौती करने, उत्पादन में बढ़ोत्तरी, बेहतर वस्तुसूची प्रबन्धन, और उपभोक्ता क्षेत्र से बकाया राशियों की वसूली एवं क्रयादेशों एवं परियोजनाओं का समनिष्ठ कार्यान्वयन जैसे उपचारी उपाय करने को कहा गया है ।

Shortage of L.P.G. in Goa

1376. SHRI JOHN F. FERNANDES : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state :

(a) whether Government are aware of acute shortage of L.P.G. in Goa ;

(b) if so, what are the reasons therefor ; and

(c) whether adequate arrangements will be made so that this shortage is met at least during the ensuing 'Ganesh Festival' in the last week of this month ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M. S. GURUPADASWAMY) : (a) to (c) A temporary shortage in the supply of LPG refills was reported recently in Goa on account of overall shortfall in the bulk availability of LPG, apart from transportation problems. The situation has since improved and supplies of LPG to Goa have been stepped up.

सातवीं योजना अवधि के दौरान रुग्ण औद्योगिक इकाइयों की संख्या

1377. **श्री अनन्त राम जायसवाल** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में सातवीं पंच वर्षीय योजना के प्रारम्भ के समय रुग्ण औद्योगिक इकाइयों की संख्या कितनी थी और साथ ही उक्त योजना अवधि के अन्तिम वर्ष में ऐसी रुग्ण औद्योगिक इकाइयों की संख्या कितनी थी ;

(ख) बैंकों तथा सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों द्वारा ऐसी प्रत्येक रुग्ण इकाई को ऋण स्वरूप दी गई धनराशि में से 31 जुलाई, 1990 को प्रत्येक इकाई पर बकाया धनराशि का ब्यौरा क्या है ;

(ग) औद्योगिक इकाइयों की रुग्णता की वार्षिक औसत दर क्या है और इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या सरकार ने कथित रुग्ण औद्योगिक इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए कोई योजना बनाई है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसके परिणाम स्वरूप लाभान्वित होने वाली इकाइयों की संख्या कितनी है ?